भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 05.04.2024

आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट में रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) का दौरा

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट का दिनांक–05.04.2024 को रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) श्री संजय कुमार पंकज ने दौरा किया। श्री पंकज ने आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ कोच उत्पादन एवं फोर्ज्ड व्हीलों के निर्माण तकनीक का निरीक्षण किया। व्हील फैक्ट्री के अधिकारियों ने कच्चे माल से लेकर फोर्ज्ड व्हीलों के निर्माण के सभी चरणों के बारे में जानकारी दी।

अपर सदस्य महोदय का दौरा इस मायने में और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि अभी हाल में फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट का स्वामित्व राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड से रेल मंत्रालय को हस्तांतरित हुआ है। अपर सदस्य महोदय रेल पहिया की सप्लाई चैन को प्रभावी बनाने के उपायों तथा रेल व्हीलों की गुणवत्ता संबंधित मानकों का निरीक्षण कर आरेडिका के उच्च अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया। आरेडिका के व्हील निर्माण से एक ओर फोर्ज्ड व्हीलों के विदेशी आयात से राहत मिलेगी। आरेडिका फोर्ज्ड व्हीलों का स्वंय उत्पादक एवं भारतीय रेल उपभोगता बनेगी तो इससे अतिरिक्त श्रम एवं समय की बचत होगी।

आरेडिका के कर्मचारी यूनियनों एवं एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों ने अपर सदस्य महोदय के साथ मुलाकात की एवं कर्मचारी सुविधाओं से संबंधित विचार विमार्श किया।

इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ श्री संजय कुमार कटियार, पीसीएमई श्री विवेक खरे,एसडीजीएम एवं सीवीओ श्री अकमल वदूद, सीडीई श्री डीके सिंह, व्हील फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारी श्री सदानन्द सरकार सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

05/4/2024

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी